हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


एमडीएसडी कॉलेज में रोड सेफ्टी पर सेमीनार आयोजित 12





रामनवमी पर संस्थाओं ने लगाया जूस का लंगर 12




## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराडा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अश्विनी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता मांगे राम ने 1 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2020 से 1 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी अश्विनी ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पुलिस व अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के दिशा निदेर्शानुसार बुधवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर सदर पेहवा व शहर पेहवा एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

### जानलेवा हमला करने मामले में दो गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने पीपल मंडी में हरिबाग कॉलोनी निवासी युवक पर जानलेवा हमला करने मामले में और दो आरोपियों को मंगलवार देर शाम बतरा कॉलनी से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान परवेज निवासी बतरा कॉलोनी व सुनील निवासी पूरेवाल कॉलोनी के रूप में हुई।

### फर्जी बिल बनाकर 4.80 लाख रुपये की हेराफेरी

**यमुनानगर।** शहर के कमला नगर स्थित पीसी ज्वैलरी शोरूम में फर्जी बिल बनाकर चार लाख 80 हजार रुपये की हेराफेरी की गई। आरोप शोरूम के तत्कालीन मैनेजर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के आकाशनगर निवासी विश्व विजय सिंह, बिलिंग खजांची रामपुरा कालोनी निवासी आरती भोला, बिलिंग खजांची उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के देदारू कलां निवासी रजनीश कुमार, बिक्री कार्यकारी न्यू करतारपुर निवासी पंकज कपूर पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किसान पर गेहूं की फांस जलाने पर होगी कार्रवाई

**समालखा।** गेहूं की कटाई शुरू हो गयी है। किसानों द्वारा अपने खेतों में प्लाऊ चलाने के लिए गेहूं की फांस जलाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि किसी भी किसान को गेंहू की फांस आदि जलाने का दोषी पाया गया तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए किसानों से अपने खेतों की फांस नहीं जलाने की अपील की।

# एसडीएम ने अधिकारियों के साथ स्कूल वाहनों के दस्तावेजों को जांचा

## खामियां मिलने पर स्कूल संचालकों को दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





स्कूली वाहनों की जांच करते हुए एसडीएम दर्शन कुमार व अन्य।

■ प्रशासन का उद्देश्य चालान काटना नहीं है अपितू नियमों की पालना करवाना है

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की अनुपालना करवाने के अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ कई स्कूलों के वाहनों की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने स्कूली वाहन सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जारी हिदायतों एवं नियमों की पालना कर रहे हैं, उसकी भी बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूलों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे नियमों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। यह हम सबके हित के लिए है, किसी भी तरह से पेनिक न हों। नियमों की पालना करके हम अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस दौरान उन्होंने एनसीसी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के साथ-साथ नन्यौला व चौडमस्तपुर स्थित स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूली वाहनों की जांच की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य चालान काटना नहीं है अपितू नियमों की पालना करवाना है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल प्रतिनिधि यह भी सुनिश्चित करें कि वह स्वयं तो स्कूली वाहनों में निर्धारित मापदंडों की पालना करें। इसके साथ ही स्कूल के बाहर जिन ऑटो रिक्शा से विद्यार्थी आते हैं, उन्हें भी सचेत करें कि वे क्षमता से अधिक बच्चे अपने ऑटो में न बिठाएं। इन सब बातों एवं हिदायतों का ध्यान रखते हुए हम दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे भी ध्यान रखें और अपने बच्चों को ऐसे वाहनों न भेंजे जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बिठाए जाते है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रतिनिधियों को कहा कि जो भी खामियां है उन्हें वे पूरा करें। आगे यदि नियमों की अवहेलना देखी गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर डीएसपी रमेश कुमार भी मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र में 89 स्कूली बसों का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा के निदेर्शानुसार सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा बुधवार को स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया। बच्चों की सुरक्षा सबसे अहम है, जिसके मद्देनजर स्कूलों की बसों को तकनीकी तौर पर चैक किया जा रहा है। प्रत्येक बस की चैकिंग का अलग-अलग प्रोफार्मा तैयार किया जा रहा है ताकि स्कूली बसों में यदि कोई कमी पाई जाए तो उसे दुरूस्त करवाया जाए। आरटीए, पुलिस व शिक्षा विभाग की टीमों द्वारा बुधवार को थानेसर में 38, लाड़वा में 30, शाहबाद में 10 और पिहोवा में 11 बसों की चैकिंग की गई है। किसी भी बस का चालान व जुर्माना नहीं किया गया। जिन में कुछ कमियां थीं उन्हें दूर करने के आदेश दिए गए है। इन सभी स्कूली बसों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया, जिसकी रिपोर्ट जल्द उपायुक्त महोदय को प्रस्तुत की जाएगी।

# मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो युवक काबू



यमुनानगर की एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ आरोपियों से पुलिस ने बरामद की चोरी की सात मोटरसाइकिल

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी की सात मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मामले की जांच कर रहे एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी सुखविंदर राणा ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाईक को बेचने के लिए कलानौर से होते हुए उत्तर प्रदेश जाएंगे। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक अनिल राणा, रामकुमार, रणधीर सिंह की टीम गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जहां शुरू कर दी। कुछ देर बाद दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। जांच के दौरान उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मांडखेड़ी निवासी अर्जुन उर्फ पारस व मुस्तकीन के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। इंचार्ज सुखविंदर राणा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दोनों पिछले एक साल से लगातार बाइक चोरी कर रहे थे। पुलिस मामले में अन्य जानकारियां हासिल करने में लगी है।

# घोड़ा खरीदने के नाम पर 20 लाख रुपये ठगे

## गिरोह के एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:पानीपत

■ लालच देकर चुना लगाया

सीआईए टू पुलिस टीम गांव बडौल निवासी युवक से घोड़ा खरीदने के नाम पर 20 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को मंगलवार शाम पंजाब के मानसा के सुंदरगढ़ गांव से गिरफ्तार कर लाई। आरोपी की पहचान गुरप्रीत निवासी सुंदरगढ़ मानसा पंजाब के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया की गांव बडौल निवासी सतीश पुत्र सुमेर सिंह ने शिकायत देकर बताया था कि उसने एक मुर्रा नस्ल का भैंसा पाल रखा है। जिसकी वह वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करता रहता है। 30 मार्च 2023 को एक अज्ञात युवक का उसके पास फोन आया। जिसने भैंसा देखने की अपनी इच्छा जाहिर करते हुए उससे घर का पता पूछा। युवक उसी दिन दोपहर में 4-5 व्यक्तियों को अपने साथ लेकर उनके घर आया। भैंसा देख खरीदने के लिए कहा तो उसने बेचने से मना कर दिया। उसने भैंसे का करीब सवा 2 साल का बच्चा बेचने के लिए कहा तो उनमें से एक युवक कीमत पूछने के लिए उसे बाहर ले गया। उसने भैंसे के बच्चे की 5 लाख कीमत बताई। युवक कहने लगा वह दलाल है इनसे 7 लाख कीमत मांगना। 5 लाख से उपर के पैसे उसके होंगे। अंदर ले जाकर 6 लाख में सौदा तय कर सभी युवक तीन चार दिन में पैसे देकर भैंसे का बच्चा ले जाने की बात कहकर चले गए।

### ऐसे जाल में फंसाया

उसी दिन देर शाम दलाल ने फोन कर कहा वह एक घोड़ा भी खरीदना चाहते हैं। दलाल कहने लगा उसको करनाल में एक खुर्री लगाने वाला मिला था। उसके पास अच्छी नस्ल के घोड़े हैं वह उससे बात कर एक घोड़ा दिलवा दे। उसने खुर्री वाले को फोन कर उक्त घोड़े की कीमत पूछी तो उसने 25 लाख बताई। उसने फोन कर दलाल को घोड़े की कीमत बताई तो दलाल ने कहा इनसे 50 लाख मांगो। उन्होंने 35 लाख में सौदा तय कर लिया। इसके बाद उसने 4 अप्रैल 2023 को दलाल को फोन कर घोड़े के पैसे भेजने के लिए कहा। इसके बाद दोपहर में दलाल उसके पास आया और 2 लाख टोकन मनी देकर कहने लगा हम सभी घोड़ा लेने जाएगे तो मालिक को घोड़े की वास्तविक कीमत का पता चल जाएगा। इसलिए तुम घोड़ा खरीद कर घर ले आओ हम कल घोड़े की पूरी कीमत देकरले जाएगे। दलाल ने उसको विश्वास में ले लिया। उसने पैसे लेकर वह दोस्त सतीश व भाई सुनील को साथ लेकर पंजाब मानसा के गांव सुंदरगढ़ गया और मनप्रीत नाम के युवक से 21 लाख में घोड़ा खरीद कर घर ले आए। घर आने के बाद उसने दलाल को फोन किया तो नंबर बंद मिला। बाद में मनप्रीत को फोन किया तो उसका भी नंबर बंद मिला।

### हुड़दंग मचाने के मामले थाना प्रभारी से मिले

**समालखा।** कुछ दिन पहले पैरोल पर आए ऋ षि चुलकाना द्वारा गांव में अपने साथियों सहित हुड़दंग मचाने के मामले को लेकर मंगलवार को गांव के सरपंच सहित ऋ षि के परिजन व अन्य महिलाएं थाना प्रभारी से मिली। उन्होंने एसएचओ से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। बिमला, कमलेश, जस्ती, सीमा, बबली, सुनीता, सरपंच सतीश, रामफल, कमला आदि ने कहा कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं थाना प्रभारी फूलकुमार ने उन्हें कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# अंबाला में चेकिंग के बहाने चालक से कैंटर और नकदी छीनकर फरार हो गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ घटना दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर अंबाला कैंट में मोहड़ा के पास हुई

उत्तर प्रदेश के ड्राइवर से बदमाशों ने कैंटर और नकदी छीन ली। पीड़ित चालक अपने कैंटर में स्क्रैप लोड करके पंजाब जा रहा था। घटना दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर अंबाला कैंट में मोहड़ा के पास की है। यूपी के गांव कुशलिया के शुभम ने बताया कि वह कैंटर चलाने का काम करता है।

कैंटर का मालिक मोहसीन है। वह 14 अप्रैल को कैंटर में गाजियाबाद से स्क्रैप लोड करके मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब के लिए चला था। 15 मार्च की तड़के साढ़े 3 बजे दल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर मोहड़ा अनाज मंडी के सामने पहुंचा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस बीच, एक क-20 गाड़ी आई और उसके कैंटर को रोक लिया। गाड़ी से 2 व्यक्ति उतरे और कहा कि हम सेल टैक्स विभाग से हैं। उसे कैंटर में लोड स्क्रैप के दस्तावेज दिखाने के आदेश दिए गए। आरोपियों ने उसके सभी दस्तावेज छीन लिए। आरोपियों ने उसके कैंटर को साइड में खड़ा करवा दिया। आरोपियों ने उसके कैंटर की चाबी भी छीन ली। कैंटर चालक ने बताया कि दोनों बदमाश उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। यहां रोड पर लगी एक रेहड़ी पर जबरदस्ती चाय पिलाई। उसके बाद आरोपी उसे कैंटर के पास ले गए। एक आरोपी ने कैंटर स्टार्ट कर लिया। दूसरे ने उसे अपनी गाड़ी में बैठाए रखा।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

दोनों बदमाश उसे कुरुक्षेत्र की तरफ ले गए। दोनों बदमाश उसे सर्विस रोड पर ले गए। कैंटर यहीं खड़ा कर दिया। उसके बाद आरोपी उसे एक सरकारी दफ्तर लेकर गए। यहां से उसे बाहर की बाहर घुमाया, फिर चंडीगढ़ रोड पर किसी होटल में ले गए। दोनों बदमाशों ने उसकी जेब से 4 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। फिर वर्दी पहन कर आने की बात कहकर उसे होटल में छोड़ दिया गया। परिवादी ने बताया कि इसके बाद न तो दोनों आरोपी वापस लौटे और न ही उसे कैंटर मिला। अब पड़ाव पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बुलेट रानी की यात्रा पहुंची पानीपत

■ मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से बनेगा विश्वगुरु : बुलेट रानी

**पानीपत।** तमिलनाडु मदुरै से बाइक यात्रा पर निकली बुलेट रानी का पानीपत पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। गत 12 फरवरी 2024 को 25 सदस्यीय दल के साथ मदुरै तमिलनाडु से मोटरसाइकिल पर सवार होकर 21 हजार किलोमीटर का लक्ष्य तय कर निकली बुलेट रानी मां राजलक्ष्मी मंदा बुधवार को पानीपत पहुंची और गुरुवार को दिल्ली पहुँच कर अपने गुरु मदन कुमार एडवोकेट के साथ यात्रा का समापन करेंगी।



बुलेट रानी का स्वागत करते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता ।

पानीपत भाजपा के जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, कृष्ण छोक्कर, युवा नेता चांद भाटिया, एडवोकेट सुमित साहनी और कार्यकर्ताओं ने फूल माला और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। लीगल राइट्स कौंसिल की महासचिव मां राजलक्ष्मी मंदा को देश भर में बुलेट रानी के नाम से भी जाना जाता है। पत्रकारों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में युवा मंडली के साथ उन्होंने यह यात्रा निकाली है। यात्रा में गोवा, महाराष्ट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार और उत्तरप्रदेश सहित कुल 15 राज्यों से होते हुए पानीपत पहुंचीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत फिर से विश्वगुरु बनेगा। देश भर में मोदी की लहर चल रही है। हरियाणा भी इस चुनाव में अपनी 10 लोकसभा सीटों का योगदान देगा। उनके साथ गुरु मदन कुमार, कमल चीव, नागमणि देवी, अन्नपूर्णा, वेंकटेश व रामदास सहित अन्य युवा टीम में शामिल रहे।

# मवेशियों को वध के लिए ले जा रहे दो तस्कर काबू

**यमुनानगर।** मवेशियों को ट्रक में भरकर उन्हें वध के लिए यूपी ले जा रहे दो पशुतस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 36 मवेशी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर दिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ पशुतस्कर मवेशियों को ट्रक में भरकर वध के लिए यूपी लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने कलानौर नाके के पास वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस को एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब ट्रक को रोककर चैक किया तो उसमे मवेशी ठूंस ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस ने ट्रक से 23 भैंसे व 13 कटड़ों मुक्त करवाया। मौके से पकड़े गए आरोपी पशुतस्करों की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के खानपुर निवासी सादिक व गंगोह निवासी मोहम्मद सुहेल के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## लोकसभा चुनाव

### भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी: पूर्व सीएम

# भाजपा के घोषणापत्र में जो वादे देश की जनता से किए गए हैं उन पर सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया जाएगा: मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा





**तरावड़ी।** मंच पर उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल साथ मे भगवान दास

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं । कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगें। वे आज तरावडी स्थित मॉडल टाउन में तरावड़ी कलस्टर की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, रमेश गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, राजीव नारंग, ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मनोहर लाल का स्वागत किया। मंच का संचालन भाजपा नेता शिवनाथ कपूर ने किया। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा और कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यो को गिनवाते हुए मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेगें।

पूर्व मुख्यमंत्री ने जहां दुर्गा अष्टमी पर्व की बधाई दी, वहीं लोकसभा चुनाव में अपना एक-एक वोट भाजपा उम्मीदवारों को देने की अपील कर देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार चुनने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में जो वादे देश की जनता से किए गए हैं, उन पर सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

### जनसभा में ये रहे मौजूद

जनसभा में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताते हुए कहा कि किस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक समय के शासनकाल में जन हित में नई-नई योजनाओं को लागू करते हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में जोडने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की बदौलत जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में सौंपने का मन बना चुकी है। पूर्व विधायक भगवान दास ने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल की जीत देश की सबसे बड़ी जीत होगी। इस दौरान घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, शीशपाल गुप्ता, नपा चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, रमेश गुप्ता,राजीव नारंग,अमरनाथ सौढा,प्रवीण गुप्ता, सतनाम आहूजा, हरजदिं सिंगला, नरेश बंसल, मीना चौहान, शिवनाथ कपूर, राधिका नारंग, संयोगिता गुप्ता, सविता कबीरपंथी, बलजिंदर कालड़ा, रेखा कबीर पंथी, यश सलूजा, सोमप्रकाश कालरा, चरणजीत पोपली, अमित रहेजा, नवीन कपूर,अजय जांगड़ा, हंसराज पाहुजा, सुरेंद्र बंसल उपस्थित थे।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को लोगों ने पकड़कर की धुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

जगाधरी के मानकपुर औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी के बाहर सैर रहे एक कर्मचारी से दो युवकों ने मोबाइल छीन लिया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान लोगों ने दोनों आरोपियों की जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार बिहार के जिला भागलपुर के गांव लकड़ाकुल निवासी मनोज कुमार गांव मानकपुर स्थित बालाजी ट्रेंडिंग कंपनी में नौकरी करता है। रात को वह खाना खाकर कंपनी के बाहर टहल रहा था। कंपनी के कई अन्य कर्मी भी सैर कर रहे थे। तभी बाइक सवार दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसे पकड़ लिया।



### सैर कर रहे लोगों ने दोनों को पकड़ा

जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने उससे मोबाइल छीन लिया और भागने लगे। इस दौरान उसने आरोपियों की बाइक को धक्का दे दिया। जिससे वह दोनों सड़क पर गिर गए। उसके शोर मचाने पर आसपास सैर कर रहे अन्य लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। पूछताछ में आरोपियों की पहचान तेलीपुरा निवासी उस्मान व विजय उर्फ गंजा के रूप में हुई। लोगों ने मामले की सूचना डॉयल 112 पर दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**

### व्हाट्सएप ग्रुप में लोकेशन शेयर करने का आरोपी काबू

**यमुनानगर।** व्हाट्सएप के माध्यम से अधिकारियों की लोकेशन ट्रक मालिकों को शेयर करने का एक और मामला सामने आया है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने बीती रात रतनपुरा चौक के पास एक युवक को कार समेत गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अधिकारियों की लोकेशन शेयर करने के ट्रक मालिक व चालक से दो हजार रुपये प्रति माह लेता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ध्यान रहे कि हुडा सेक्टर-17 जगाधरी पुलिस ने करीब एक सप्ताह पहले इसी प्रकार के मामले में अग्रसेन चौक के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### राम नाम का जप ही सभी व्याधियों की दवाई

**पानीपत।** सनौली रोड स्थित मन्दिर श्री भीम गोडा में श्री रामनवमी का उत्सव मनाया गया। भक्तों ने बधाई गीत गाए तथा लंगर का आयोजन किया गया । श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में चल रहे श्री भीम गोडा मन्दिर में 3 दिवसीय कथा के अन्तिम दिन आज कथाव्यास स्वामी दयानन्द सरस्वती ने प्रवचन करते हुए आए हुए सभी भक्तों को राम जन्म की बधाई दी। उन्होंने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि आज के समय में केवल राम नाम का जप ही सभी व्याधियों की दवाई है। राम नाम महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल नाम स्मरण से ही सार्थक जीवन जिया जा सकता है।

### 5 दिव्यांगों को हाथ रिक्शा वितरण की गई

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से आज अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दिव्यांगों को हाथ रिक्शा वितरण की गई। समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही इन दिव्यांगों की हाथ रिक्शा की जरूरत की डिमांड आई थी। संगठन मेंबरों ने पता किया इनके पास हाथ रिक्शा नहीं है।

वोट प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए कई तरह की विशेष कार्य योजनाएं शुरू

# मतदाता पोलिंग बूथों की वोटर इन क्यू एप के माध्यम से ले सकते हैं जानकारीः कैप्टन

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी इन क्यू एप की जानकारी
- डिजिटल युग को देखते हुए आयोग ने कई तरह की एप भी शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से अब मतदाता मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ले सकते हैं। एप वोट प्रतिशतता को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए इन क्यू एप की जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में वोट प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए कई तरह की विशेष कार्य योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा डिजिटल युग को देखते हुए आयोग द्वारा कई तरह की एप भी शुरू की गई हैं। जिनमें वोटर इन क्यू एप्प भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब मतदाता मतदान के दिन प्ले स्टोर,एप्पल स्टोर से इस एप को डाउनलोड कर मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाईव देख सकते हैं। जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान कर सकते है। उन्होंने कहा कि कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। मगर अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी।

**प्रदेश में 30 विस क्षेत्रों में इस्तेमाल होगा एप**

*जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल इस वोटर्स एप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब 30 विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा। जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।*

**एप का पहली बार किया जा रहा प्रयोग**

जिला निवर्चान अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

# न्यायिक परिसर में 11 मई को लगेगी लोक अदालत

- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत
- सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गुनीत अरोड़ा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 11 मई को यमुनानगर स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करवा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गुनित अरोड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गुनीत अरोड़ा ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय,कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# अपनी मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मियों ने किया मासिक बैठक का आयोजन

- रादौर की शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से बुधवार को शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान लालचंद ने की। ब्लॉक प्रधान लालचंद ने कहा कि सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को मानने के बावजूद लागू नहीं कर रही है। बैठक में मांग की गई कि 65, 70, 75 वर्ष की आयु पर पेंशन में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। मेडिकल भत्ते में वृद्धि की जाए। कमुटेशन की अवधि 10 वर्ष की जाए। डीए की बकाया 3 किस्तें शीघ्र जारी की जाएं। पेंशन की राशि आयकर मुक्त की जाए। सभी कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। सभी वरिष्ठ नागरिकों को पहले की तरह बस, रेल तथा हवाई यात्रा के किराए में छूट दी जाए। रिटायर्ड अध्यापक महिपाल चमरोड़ी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद करे। सरकारी विभागों में लाखों खाली पद भरकर बेरोजगारी कम करने का प्रयास करें। जिला सचिव जोत सिंह ने सभी सदस्यों जागरूक एवं संगठित होने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक सचिव यशपाल ने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपनी मांगों बारे सवाल पूछने का आह्वान किया। मौके पर रमेश कुमार, रामचंद्र, अमरनाथ सैनी, सुभाष चंद्र, सूरतकांत, कामेश्वर, नाथूराम, केसर सिंह, सोमनाथ, सावन खान, सुखबीर सिंह, सोमपाल, सुरेश कुमार, सुनीता सैनी व जयसिंह आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के विजय बने प्रधान

- जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** नागरिक अस्पताल में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि


स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन हरियाणा (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की बैठक नागरिक अस्पताल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ उप प्रधान राकेश धनखड़ ने की। मौके पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार ने तीन वर्षोंर् की रिपोर्ट सदन पटल पर रखी उसके बाद पिछली जिला कार्यकारिणी को भंग करके सर्वसम्मति से तीन सदस्य जिला कार्यकारिणी कमेटी का चुनाव किया गया। कार्यकारिणी में विजय कुमार को जिला प्रधान,संजय कुमार को जिला सचिव व अनिल जुडड़ा को कैशियर चुना गया। नव निर्वाचित जिला कमेटी को सीटू नेता विनोद त्यागी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर सीटू जिला सचिव शरबती देवी व एसकेएस ब्लॉक प्रधान प्रेम प्रकाश मौजूद रहे। सम्मेलन का मंच संचालन कर रहे जिला सचिव गुलशन भारद्वाज व उपप्रधान कृष्ण सैनी ने बताया की प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाकर स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारी के द्वारा जोखिम भरा कार्य करने के बावजूद उन्हें दो दो महीने का सेवा विस्तार दिया जा रहा है। उन्हें ना तो वर्दी जूत्ते दिए जा रहे है ईएसआई का लाभ भी नही दिया जा रहा है और समय पर वेतन नही मिल रहा है। जिस कारण से कच्चे कर्मचारियों में भारी रोष व गुस्सा पनप रहा है। नव निर्वाचित तीन सदस्यीय जिला कमेटी ने बताया कि जल्द ही सभी सीएचसी व पीएचसी के कर्मचारियों की बैठक बुलाकर उनमें से नए पदाधिकारियों को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा और स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल के तौर पर सीएमओ से मुलाकात करके कर्मचारियों की लोकल माँगो व समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर सीटू नेता सुनीता सुघ, मीनाक्षी शर्मा,अध्यापक संघ के नेता अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों से अवैध देसी शराब की 50 बोतलें बरामद

- पहाड़ीपुर के नजदीक नाकाबंदी के दौरान युवक से अवैध शराब की 36 बोतलें बरामद हुई
- मछरौली निवासी राजेश कुमार उर्फ बॉबी को अवैध देशी शराब की 14 बोतल सहित गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिले की साढ़ौरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे अवैध शराब की 50 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर दिया। थाना साढ़ौरा प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक कार पर सवार होकर भारी मात्रा में अवैध शराब को लेकर पहाड़ीपुर होता हुआ जाएगा। इस सूचना पर तुरंत पहाड़ीपुर के नजदीक नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान कार पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। उसको रोक कर जब तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध देशी शराब की 36 बोतलें बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान पहचान गांव इस्माइलपुर निवासी राउफ अली के रूप में हुई। आरोपी बरामद शराब का कोई परमिट व लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसी तरह थाना बिलासपुर की पुलिस टीम ने मछरौली निवासी राजेश कुमार उर्फ बॉबी को अवैध देशी शराब की 14 बोतल सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शिवानी ने जीती स्कैच प्रतियोगिता



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व विजेताओं को सम्मानित करते प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

- मेरे राम चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह
- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में हुआ स्केच मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में वाणिज्य कला विभाग के अंतर्गत राम नवमी के अवसर पर प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र को बताने और नई पीढ़ी को राम नाम की महिमा से रूबरू कराने के लिए स्केच मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बीसीए तृतीय वर्ष की शिवानी ने पहला स्थान हासिल किया। वाणिज्य कला विभाग की विभागाध्यक्षा सीमा जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कॉलेज के काफी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने राम, हमारे राम, सबके राम, सीता के राम, लक्ष्मण के राम, भरत के राम, दशरथ के राम, कौशल्या के राम, मर्यादा पुरुषोत्तम राम, संस्कृति के राम, वन में राम, राजा राम जैसे विषयों पर चित्र बनाकर कैनवस पर उकेरा। प्रतियोगिता में बीसीए तृतीय वर्ष की शिवानी ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि बीए तृतीय वर्ष की पलक धीमान ने दूसरा व बीए तृतीय वर्ष की वर्षा तथा बीए द्वितीय वर्ष के हर्ष ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई। निर्णायकों की भूमिका डॉ.अनिता व डॉ.वीरा ने निभाई। कॉलेज प्राचार्या डॉ.करुणा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों से प्रभु श्रीराम के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

# सूने घर से नकदी व चांदी के आभूषण चोरी

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की प्रेम नगर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 12 हजार रुपये व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय महिला अपने बेटे के पास ग्ररूग्राम गई हुई थी। वापस लौटने पर उसे चोरी का पता चला। सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर दो महिलाएं गेट का ताला तोड़ती हुई मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर गली नंबर पांच निवासी प्रवीन शर्मा ने बताया कि उसका लड़का गुरुग्राम में नौकरी करता है। वह वहीं पर रहता है। दो माह पहले वह घर का ताला लगाकर अपने बेटे के पास गुरुग्राम गई थी। मंगलवार सुबह उनके जेठ सतीश ने फोन कर बताया कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह घर पहुंची तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 12 हजार रुपये, चांदी के पाजेब व अन्य आभूषण गायब मिले। जब उसने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो दो महिलाएं घर का ताला तोड़ती दिखी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खोखे से गैस सिलेंडर व ढाई हजार रुपये चोरी**

हरिनगर निवासी बच्ची देवी ने बताया कि उसका बस स्टैंड के पास पान बीड़ी का खोखा है। रात को चोरों ने उनके खोखे से एक सिलेंडर, बैटरी व ढ़ाई हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह वह खोखा पर पहुंचे तो उसे चोरी का पता लगा। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया।

# सवर्ण समाज के हितों की हो रही है अनदेखीः त्यागी

- भारतीय सवर्ण समाज संगठन की शहर की सरोजनी कॉलोनी स्थित पार्क में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर** । सरोजनी कॉलोनी स्थित श्रीराम पार्क में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए सवर्ण समाज संगठन के सदस्य।

भारतीय सवर्ण समाज संगठन की बुधवार को शहर की सरोजनी कॉलोनी स्थित पार्क में जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुंदर प्रताप सिंह राणा ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में राकेश त्यागी ने भाग लिया।

संगठन के वरिष्ठ सदस्य राकेश त्यागी ने कहा कि आज सवर्ण समाज की अनदेखी की जा रही है। जिससे सवर्ण समाज अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा सवर्ण समाज की अनदेखी को भारतीय सवर्ण समाज संगठन सहन नहीं करेगा। मौके पर सुंदर प्रताप सिंह राणा ने कहा कि सवर्ण समाज के हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूती देने के लिए गांव, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। ताकि संगठन मजबूत हो सके और सवर्ण समाज के हितों की रक्षा कर सके। मौके पर संगठन सदस्यों ने एकजुट होकर कार्य करने व समाज के हितों की रक्षा करने की शपथ ली।

इस अवसर पर संगठन के सदस्य वीरेंद्र त्यागी ने बैठक में पहुंचने पर सभी का आभार प्रक्ट किया। मौके पर सुभाष राणा, श्यामलाल बंसल, चिराग सिंघल, डॉ. अनिल मित्तल, दिनेश जैन, मनोज त्यागी, डॉ. प्रोफेसर कंवरपाल राणा, राज राणा, अजय त्यागी, बिल्लू राणा, पोला राणा, संजीव चौहान, संजीव चौहान, नीरज शर्मा जुब्बल आदि मौजूद रहे।

# संवैधानिक अधिकारों से समाज में स्वतंत्रता समानता और भाईचारे का हुआ विकासः डॉ. निर्मल

- डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा ने आयोजित किया संविधान में संवैधानिक अधिकार विषय पर कार्यक्रम
- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में बसपा के रादौर विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** खुर्दी में आयोजित कार्यक्र में मुख्यातिथि का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते सभा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा द्वारा खुर्दी में संविधान में संवैधानिक अधिकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बसपा के रादौर विधानसभा के विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मौके पर मुख्यातिथि ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बसपा के विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता स्वर्गीय बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने दलितों, पिछड़ों, वंचितों व जरूरतमंदों के लिए संविधान में अनेक अधिकार दिए हैं। जिसकी बदौलत ही आज हर वर्ग के लोग आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलकर देश हित में कार्य करने चाहिए। उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों द्वारा समाज में स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का विकास हुआ है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि हमें समाज के उत्थान और भाईचारा को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने चाहिए। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षित होकर समाज में फैली छुआछूत को समाप्त करने का काम किया। उन्होंने संविधान बनाकर दलित समाज को उनके अधिकार दिलाए। उन्होंने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन चरित्र से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर की बदौलत आज लोग अपने मौलिक अधिकार प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा दिया था।

## खबर संक्षेप



### भागवत को आत्मसात करना चाहिए : शास्त्री

**थानेसर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सैक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया की संसार के सभी मानवों को भागवत जी को आत्मसात करना चाहिए। भागवत जी के जो सिद्धांत है उसे मन मस्तिष्क में समाहित करने का प्रयास करना चाहिए। अगर भागवत मन में विराजमान हो जाए तो मानव का जीवन सफल हो जाता है।

### चुनाव में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देंगे

**पिहोवा।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर उपमंडल पिहोवा में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए शराब की बिक्री पर उपमंडल प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अगर अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।



### सेवा ट्रस्ट ने नवमी पर लगाया जूस का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीराम नवमी के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने हमारे आराध्य, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस 'श्री राम नवमी' की समस्त देश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्रीराम जी के जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

### भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक 19 को रोहतक में

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रान्त की बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 19 अप्रैल को प्रातः 9 बजे हरियाणा भाजपा के नए कार्यालय रोहतक में होगी। यह जानकारी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रांतीय कार्यकारणी के वरिष्ठ सदस्य, जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक व भाजपा हरियाणा युवा मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष रहे भाजपा नेता पवन आश्री ने बताया है कि बैठक में बतौर मुख्यातिथि भाजपा हरियाणा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सदस्यों को भाजपा को 400 पार सीटों के बारे गुर देगे।

## रामनवमी पर जिलेभर में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# भगवान राम सिर्फ भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्शः मिश्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रामनवमी पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारतीय सनातन परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। गोस्वामी तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत प्रोत संतुलित राम हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक एक मयार्दा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रम्हचारियों वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में अग्नि प्रज्वलन से हुआ।ब्रम्हचारियों ने नवरात्रि के पावन अवसर एवं श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित वैदिक लोक मंगल यज्ञ में राष्ट्र मंगल के निमित्त आहुति डाली। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने





कहा श्रीराम के चरित्र में पग पग पर मयार्दा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। उन्होंने कहा कि राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निमार्ता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया।



### 111 कुंडिय हवन यज्ञ का आयोजन

**शाहबाद।** रामनवमी के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर के श्री बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर में 111 कुंडिय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें राम भक्तों ने हवन यज्ञ करके उसमें विश्व शांति के लिए आहुतियां डाली पंडित चिराग शर्मा ने राम भक्तों से यज्ञ की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई । इसके बाद बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा हनुमान मंदिर परिसर के चलकर हनुमान मंदिर रोड से जगदीश मार्ग पताशा गली से मेंन बाजार से लव कुश गेट से होते हुए गोपी विहार गोपाल जी कंपलेक्स से हुड्डा पार्ट 1 लाडवा रोड से वापस मंदिर परिसर में पहुंची। शोभा यात्रा का नगर के हर हिस्से में तोरण द्वार लगाकर सजाया गया।

### जय ओंकार आश्रम में मनाया रामनवमी पर्व


**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम में बुधवार को रामनवमी पर्व मनाया गया। संघ संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज, स्वामी संतोष ओंकार और स्वामी संदीप ओंकार ने आश्रम में स्थापित भगवान राम दरबार का पूजन किया। इस दौरान भगवान राम की आरती करके सबके कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे। सभी ने भगवान राम की पूजा से पहले चेत्र नवरात्र की नवमी होने पर देवी मां के नौवें स्वरूप की भी आराधना की गई। साथ ही स्वामी संदीप ओंकार ने कन्याओं का पूजन करके भोग लगाया गया। इस दौरान भगवान राम और देवी मां के जयकारे गूंजे। इससे पहले ओंकार यज्ञ का भी आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। यज्ञ की पूणार्हुति स्वामी संदीप ओंकार ने डाली।

### रामनवमी पर लगाया भंडारा



**कुरुक्षेत्र।** महाकाली मन्दिर सुंदरपुर में दुर्गा अष्टमी पर्व पर माता रानी का भव्य जागरण हुआ। भक्तों ने माता रानी की भेटो पर खूब नाच कूद कर मस्ती की व माता रानी की भक्ति में लीन रहे। साथ ही आज रामनवमी के पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला कुरुक्षेत्रा की पूरी टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रेम नरायन अवस्थी, सुरेश जोशी, राजेश अरोड़ा, अजय गुप्ता, ललित चावला, सुदेश पाल बिट्टू, दर्शन गुलाटी, सुल्तान, राजिंदर सैनी, रोहतास सैनी, भारत बंसल, नागेंद्र सीकैरी, राजेश गोयल, संदीप अवस्थी चित्रकूट धाम वाले, बाबू राम शुक्ला राहुल राणा व महिला मंडली उपस्थित थी।

### माता निर्मला देवी की महिमा का किया गुणगान



**कुरुक्षेत्र।** चैत्र नवरात्रि में श्री रामनवमी पर सहजयोग ध्यान केंद्र कुरुक्षेत्र ने नवरात्रि ध्यान एवं श्रीराम पूजा का आयोजन किया। इस दौरान श्री राम भजनों द्वारा माता निर्मला देवी जी की महिमा का गुणगान किया गया। युवा शक्ति समन्वयक मानवी कोटियान, आयुष नारिया एवं मृगाक्षी भारद्वाज ने भजनों के माध्यम से संगत का मन मोह लिया। अंत में प्रभु श्री राम सुमिरन द्वारा माता निर्मला देवी जी के श्री चरणों में पुष्प अर्पित कर आरती गान किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र नारिया, अनीता, काजल, उर्णिमा गौड़, आरती, राणौ विर्क, डा. संजय, पूजा सिंह, सुधीर कोटियान, मधु गौड़, रमेश कुमार, श्रवण, नैमवती, रूपचंद, हरीश कुमार, राज कौशिक आदि मौजूद रहे।

# भगवान राम की पूजा से आएगी समृद्धि

- श्रीरामनवमी पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म, संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार, भारतीय संस्कृति व संस्कारों की रक्षा, योग एवं विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों संस्थाओं का संचालन कर रहे श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने देश - प्रदेश वासियों को श्री रामनवमी पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव है और जिनके मन में श्री राम हैं, उनके भाग्य में वैकुण्ठ धाम है। भगवान श्री राम के चरणों में जिसने जीवन वार



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मचारियों के साथ श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दिया, संसार में उसका कल्याण ही कल्याण है। ब्रह्मचारी ने बताया कि चैत्र नवमी तिथि नवरात्रों का आखिरी दिन होता है। इसी के साथ 9 दिनों तक चलने वाले देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व समाप्त होता है। इस तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था।

### राधा रानी भी साक्षात जगदंबा का रूप : आचार्य

**लाडवा।** बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में राम नवमी पर राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राम जन्म पर बधाई के दौरान श्रद्धालु जमकर झूमे। कथाव्यास के रूप में पधारे विख्यात कथा व्यास आचार्य रजनीश जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को देवी के अनेक प्रसंगों से ओत-प्रोत किया। उन्होंनेएक विशेष प्रषंग के माध्यम से उन्होंने भगवान कृष्ण की सर्वप्रिया शक्ति राधा रानी के विषय में विस्तार से चर्चा की और बताया कि राधा रानी भी साक्षात जगदंबा का स्वरूप हैं। कथा में पवन गोयल, विकास सिंघल, अनुज गोयल, मदन लाल गोयल,संजय सिंगला, सुशील सिंघल, अमित सिंघल, डॉ जयकिशन आर्य व अन्य मौजूद रहे।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- सुप्रसिद्ध गायक रोशन प्रिन्स ने दी भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में महापर्व नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर पंजाबी फिल्म सुपरस्टार एवं प्लेबैक सिंगर रोशन प्रिंस तथा टी-सीरीज भजन गायक संदीप सूद द्वारा तीसरी बार माँ भद्रकाली जी के चरणों में अपनी मधुर आवाज में हाजिरी लगाई गई। सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में टी.वी.एस.एन प्रसाद चीफ सेक्रेटरी, हरियाणा ने माँ काली जी का पूजन किया और मुख्य भवन में



**कुरुक्षेत्र।** जागरण में दिखाई गई झांकी।

माँ भद्रकाली जी,माँ लक्ष्मी जी,माँ सरस्वती जी की ज्योति प्रज्ज्वलित की और माँ को जागरण पंडाल में विराजमान होने की प्रार्थना की। उसके पश्चात गुरु जी ने श्रीदेवीकूप पर माँ के 52 लाडले परिवारों को लाल शक्ति चुनरी से सम्मानित कर उनका पूजन करवाकर मंगल कलश वितरित किए। जागरण पंडाल में सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में माँ भद्रकाली जी का ध्यान कर मुख्य यजमान केके शर्मा व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधिवत तरीके से मंत्रोचारण के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित की गई।

# रामराज्य की अवधारणा पर चल रही आपः डॉ सुशील

- थानेसर में डॉ. सुशील गुप्ता ने ई-रिक्शा में बैठकर किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर विधानसभा के सेक्टरों और कॉलोनियों में चुनावी यात्रा शुरू की। इससे पूर्व उन्होंने रामनवमी के अवसर पर आजाद नगर स्थित अपने घर और प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कुरुक्षेत्र के अच्छे भविष्य और देश में सुख शांति की कामना की। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता ने ई रिक्शा में बैठकर



चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा थानेसर के शांति एनक्लेव से शुरू की। इसके बाद वे शास्त्री मार्केट में लोगों से मिले। वहां से कच्चा घेर मार्केट में लोगों से रूबरू हुए। इसके बाद विवेकानंद कॉलोनी में पहुंचे। यहां से उन्होंने नहर कॉलोनी, सेक्टर-5, सेक्टर-7, मोहन नगर, सेक्टर-2, सेक्टर-7 और लाडवा के गांव लोहारा में लोगों को संबोधित किया और जनता का आशीर्वाद लिया।

# सुचारू रूप से चल रही गेहूं की खरीद

- मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने थानेसर व पिपली अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि गेहूं के सीजन में सभी मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इतना ही नहीं फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद मंगलवार देर सायं थानेसर अनाज मंडी, ब्रह्मसरोवर के पास पड़ी गेहूं व पिपली अनाज मंडी में गेहूं की



आवक का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, उपायुक्त शांतनु शर्मा ने थानेसर अनाज मंडी, ब्रह्मसरोवर के आस-पास पड़ी गेहूं व पिपली अनाज मंडी में गेहूं के खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने थानेसर अनाज मंडी में किसानों से बातचीत की और गेहूं की कटाई से लेकर मंडी तक पहुंचने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने व्यापारियों से भी खरीद कार्य, उठान कार्य के बारे में बातचीत की है।

# आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने मनाया रामनवमी का पर्व

- ललिता सहस्त्रानाम का पाठ किया, रविशंकर के विचारों पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों द्वारा रामनवमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें पहले ललिता सहस्त्रानाम का पाठ किया गया और फिर रामनवमी के बारे में गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के विचारों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर विशेष रूप से शाहाबाद आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीपक सिंगला, डीडीसी मेम्बर डॉ दीपक शर्मा, सचिव भारत भूषण उपस्थित रहे। दीपक सिंगला ने कहा कि



गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर बताते है कि समय से परे क्यों हैं भगवान श्री राम। उन्होंने कही कि हमारे इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिन्होंने मानव सभ्यता पर अमिट छाप छोड़ी है। उनमें से एक है भगवान श्री राम के जीवन की कथा। भगवान राम की कहानी, समय की कसौटी पर पूरी तरह से खरी उतरी है और सदियों से लाखों लोगों की आस्था को आकार देती रही है।

# विकसित भारत का दृढ़ संकल्प : सुधा

- राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हरियाणा प्रदेश में भी भाजपा नेताओं ने संकल्प पत्र की खूबियां जनता के सामने रखी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित भारत का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले जो कहा था वो सब करके दिखाया और अब जो संकल्प पत्र में कह रहे हैं, मोदी जी के नेतृत्व में वह भी शत-प्रतिशत करके दिखाएंगे। गरीब का कल्याण लगातार होता रहेगा, युवाओं के



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

सपने आगे भी मजबूती के साथ पूरे करेंगे। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प दोहराया है। जिसे तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा। भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय मे पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ जिलाध्यक्ष रवि बतान, लोकसभा संयोजक मीडिया सम्पर्क विनीत क्वात्रा, पेनलिस्ट रविन्द्र सांगवान, शैलेश वत्स, सुशील राणा व जिला सह मीडिया दिवाकर मौजूद रहे। राज्यमंत्री सुधा ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया है। संकल्प पत्र में युवाओं महिलाओं किसानों और गरीबों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसकी थीम 2047 तक विकसित भारत बनाने की 'मोदी की गारंटी' पर आधारित है।

**आयोजन** | विश्व हीमोफिलिया दिवस पर लगाया फ्री मेडिकल कैंप

# निशुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर में 127 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

हीमोफिलिया और रक्त संबंधी विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआरजैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी सपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा विश्व हीमोफिलिया दिवस पर गुरुद्वारा श्री अचिंतगढ़ साहिब पातशाही 10वीं गांव लुखी में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। कैंप में ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि इस दिन का महत्व हीमोफिलिया और रक्त संबंधी विकारों वाले लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है।



दुनिया भर में भारी संख्या में लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं। यह बीमारी रक्त में थ्राम्बोप्लास्टिन नामक पदार्थ की कमी से होती है। थ्राम्बोप्लास्टिक में खून को तुरंत थक्का में बदल देने की क्षमता होती है।

खून में इसके न होने से खून का बहना बंद नहीं होता है, जिससे व्यक्ति की जान भी जा सकती है। गंभीर रोगियों में मांसपेशियों, जोड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों में रक्तस्त्राव हो सकता है। यह एक विरासत में मिली बीमारी है, जो रोगी को उसके माता-पिता से मिलती है। इसलिए जल्दी पता लगने से रोगी को बीमारी के बारे में सावधान रहने और सावधानी बरतने में मदद मिल सकती है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को गंभीर हीमोफिलिया है, उनके लिए सिर पर एक साधारण टक्कर मात्र से भी मस्तिष्क में रक्तस्त्राव का कारण बन सकती है।

इस अवसर पर जत्थेदार बाबा गुरमुख सिंह, सेवादार गुरजन्ट सिंह, बाबा अर्जुन सिंह, बूटा सिंह मौजूद रहे।

**PUBLIC NOTICE**

I, Mitlesh Devi W/o Satbir Singh R/o H. No. 1546-A, Rajveev Colony, Sector-17, Panchkula, Haryana declare that my name has been changed from Babita to Mitlesh Devi. Babita and Mitlesh Devi are the names of one and same person.

## खबर संक्षेप

### 406 शिकायतों का हुआ निपटान

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजल ऐप बनाई गई है। इस ऐप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होती है तो 100 मिनट के अंदर शिकायत का निपटान किया जाता है। जिला अम्बाला में सी-विजल ऐप पर अब तक 406 शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों का निपटान कर दिया गया है। सी-विजल एप प्ले-स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

### नागरिकों की सहभागिता जरुरी

**अंबाला।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है। निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है जिसके जरिये चुनाव लडने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है।

### मोची मंडी में घर से महिला हुई लापता

**अंबाला।** मोची मंडी अम्बाला छावनी निवासी एक महिला बरखा रानी पत्नी हरीश कुमार 11 अप्रैल को शाम से घर से कोई काम कहकर बाजार निकली थी, जोकि अबतक वापिस नहीं आई हैं। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तालाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा हैं। परिजनों की शिकायत पर बरखा रानी की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना अंबाला कैंअ में दर्ज की गई हैं। मुख्य सिपाही ने बताया कि गुमशुदा महिला का रंग गेहूंआ, गोल चेहरा, कद 5 फुट तथा उसने घर से जाते समय पैरों में चप्पल पहनी हुई हैं।

### महिला की दो सोने की अंगूठी चोरी, केस

**जींद।** भिवानी रोड पर ब्यूटी पार्लर के यहां गई महिला की दो सोने की अंगूठी गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आश्रम बस्ती निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भाभी गीतांजलि भिवानी रोड पर ब्यूटी पार्लर में गई हुई थी।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठगी मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पंजाब के जिला मानसा के गांव मखेवाला निवासी गुरमुख सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खुराना निवासी अनुप कुमार की शिकायत अनुसार वह और कैथल निवासी मंदीप विदेश जाना चाहते थे।


### चालक को छोड़ गाड़ी को ले उड़े बुकिंग करने वाले

**जींद।** केदारनाथ के लिए बुक की गाड़ी चालक को बुकिंग करने वाले गांव बुढाखेड़ा के निकट छोड़ गाड़ी लेकर फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी चालक की शिकायत पर तीन के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## सड़क हादसे रोकने के लिए जागरुकता बेहद जरुरी

# एमडीएसडी कॉलेज में रोड सेफ्टी पर सेमीनार आयोजित, छात्रों को किया गया जागरुक



अंबाला। सेमीनार में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्रिंसिपल।



**आज हम सभी को सड़क दुर्घटना से प्राण बचाने के लिए आवाज़ उठाने की अति आवश्यकता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एमडीएसडी कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब की ओर से रोड सेफ्टी विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता की भूमिका कॉमर्स डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर सीमा अग्रवाल ने निभाई। उन्होंने कहा आज हम सभी को सड़क दुर्घटना से प्राण बचाने हेतु आवाज़ उठाने की अति आवश्यकता है। हमें सड़क को सुरक्षित करना है, तेज गति में वाहन चलाने से डरना है। समाज को जगाओ, सड़क को सुरक्षित बनाओ। सड़क नियमों का पालन करें तथा ज़िंदगी में खुशियों के रंग भरें। सेमिनार का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज डॉक्टर कौशल चौहान तथा को-इंचार्ज डॉक्टर मंजू तोमर के द्वारा किया गया। स्टेज का संचालन म्यूजिक डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ उज्जवल जोशी के द्वारा किया गया।

**सड़क दुर्घटना गम्भीर समस्या बन रही**

इस सेमिनार में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर एमडीएसडी कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने कहा कि सड़क दुर्घटना एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है। इससे निजात पाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। सेमिनार के आयोजक डॉक्टर कौशल चौहान एवं मंजू डॉक्टर मंजू तोमर को बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करवाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सेमिनार में डॉक्टर जसप्रीत कौर तथा रीनू शर्मा भी मौजूद रहे।

---



बराड़ा। जूस का लंगर लगाते हुए।

# रामनवमी पर संस्थाओं ने लगाया जूस का लंगर

- भगवान राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

रामनवमी के मौके पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), अग्रवाल सभा बराड़ा, राष्ट्रीय लव-कुश सेना बराड़ा और श्री कृष्ण मंदिर अधोई के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की ओर से जूस का लंगर लगाया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर ने कहा कि इस पर्व पर हम सब को भी एक संकल्प लेना चाहिए कि जिस प्रकार श्री राम चंद्र अपने आदर्शो और मर्यादाओं पर चल कर मर्यादा पुरुषोतम श्री राम कहलायाएं, हमें भी उनके पथ चिन्हों पर चल कर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। हमें सर्व समाज को साथ लेकर देश के हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर सुबह के समय जैन स्कूल के बाहर राष्ट्रीय लव कुश सेना के अध्यक्ष विक्रम परोचा, पवन पराशर, प्रमोद जैन, धर्मराज चौहान, देवेंद्र शर्मा व अन्य की अध्यक्षता में हवन का आयोजन कर अटूट प्रसाद और जूस वितरित किया गया तो वहीं दोपहर में सेवा ट्रस्ट यूके के सदस्य गुरदेव सिंह, डॉ कुलदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता और अग्रवाल सभा के प्रधान श्रवण गोयल, सचिव देवेंद्र गर्ग, केशियर राजेश्वर गुप्ता की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाल में अटूट जूस के लंगर और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण मंदिर अधोई में सभी भक्तजनों द्वारा श्री रामायण का पाठ किया गया और हवन कर अटूट जूस के लंगर और भंडारे का आयोजन किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के लिए रियल जूस की सेवा में अपना योगदान दिया।

---

# भारतीय जनता पार्टी की अंबाला शहर मंडल की इकाई घोषित

- रितेश गोयल मंडल के प्रभारी व अमन सूद अंबाला शहर मंडल के अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। भाजपा के घोषित मंडल पदाधिकारी।

भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व अंबाला शहर के विधायक मंत्री असीम गोयल से विचार विमर्श करने के उपरान्त अंबाला शहर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें रितेश गोयल को अंबाला शहर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया। अमन सूद को अंबाला शहर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा प्रीतम सिंह गिल व स्वर्ण सिंह सैनी को महासचिव व विपिन कपूर व रजनीश भल्ला, दीपक गर्ग, सुनील जैन, मोनिका मल को उपाध्यक्ष, लखबीर सिंह उप्पल, शिशुपाल शर्मा, अनिल पुरी, दिनेश सरोया, रमन शर्मा को सचिव, रितेश गुप्ता को कैशियर, निखिल कंढा को आईटी प्रमुख, श्यामसुंदर प्रजाप्रति मीडिया प्रभारी, चेतन भार्गव को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी को अंबाला शहर मंडल के प्रभारी रितेश गोयल व अध्यक्ष अमन सूद ने कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी तथा सभी सदस्यों ने पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम व दिशा निर्देश बढ़ चढ़कर कर पालन करने का आश्वासन दिया।

---

### रामनवमी के मौके पर कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** रामनवमी का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के मौके पर संत द्वारा हरिमंदिर में हवन यज्ञ हुआ। यहां पर पिछले कई दिनों से रामायण का पाठ रखा हुआ था। मंदिर के पुजारी पंडित श्रीकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि 15 रामायणों का पाठ हुआ जिसमें क्षेत्र के साथ पूरे देश में शांति व सुख समृद्धि की कामना की गई। मंदिर कमेटी के प्रधान दीपू मक्कड़, संजीव ठाकुर बब्बू ने बताया कि सुबह 6 बजे हवन यज्ञ हुआ, इसके उपरांत महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

- मंदिर के पुजारी पंडित श्रीकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि 15 रामायणों का पाठ हुआ

---

# धूमधाम से मनाया रामनवमी त्यौहार

- कन्या के विवाह में योगदान देने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। गरीब कन्या के विवाह में योगदान देने वालों को सम्मानित करते हुए।

शिवमंदिर पीपल वाला सेवा मंडल द्वारा रामनवमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। विधिवत पूजा पाठ द्वारा रामायण के पाठ का भोग सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर उड़ान क्लब की चेयरपर्सन चांदनी पुरी को एक गरीब कन्या के विवाह में योगदान करने पर मंदिर के सेवादार और खत्री जनकल्याण सभा के प्रधान सुरेंद्र घई, बद्रीनाथ सोफत, मुकेश कपूर, अशोक कुमार, विनोद किशोर भार्गव, सुरेन्द्र मलहोत्रा व प्रवेश वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं तथा उनके क्लब के सभी सदस्यों शिवाली, कमलप्रीत, अखीरा को भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पीपल वाला शिव मंदिर की क्लब की सदस्य प्रिय शर्मा, आरती, संगीता, ज्योति शर्मा, सोनिया व मंदिर द्वारा कीर्तन व भजन द्वारा गाए भजनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

# जेल में पानी की दिक्कत के चलते कैदियों ने किया खाने का बहिष्कार

- जेल को सप्लाई देने वाला टयूब्वैल हुआ खराब, दूसरे से सप्लाई जोड़ी तो नही पहुंचा पर्याप्त जेल में पानी
- जेल अधिकारियों ने कैदियो से पानी स्पलाई दिक्कत के बारे में बताया तो मान गए कैदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला कारागार मेड्डु पानी की समस्या को लेकर बुधवार दोपहर को कैदी तथा बंदियो ने खाने का बहिष्कार कर दिया और भूख हडताल शुरू कर दी। कैदियों तथा बंदियों द्वारा खाना छोड़ने की सूचना मिलने पर जेल अधिकारी कैदियों के बीच पहुंचे और बताया कि जिस टयूबवैल से जेल में पानी की स्पलाई दी जाती है, वह खराब हो गया है। जिसके कारण समस्या पैदा हुई है। जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा। अन्य मांगों के बारे में उन्होने जेल मैन्युअल के बारे में बताया। जिस पर अधिकारियों की बात पर कैदी तथा बंदी सहमत हो गए और भूख हडताल को समाप्त कर दिया। हालांकि जेल अधिकारियों ने भूख हडताल से नकारा है। साथ समस्या के बारे में भी बताया है। जिला कारागार में बुधवार दोपहर को कैदियों तथा बंदियों ने पानी तथा अन्य मांगों को लेकर खाने का बहिष्कार कर दिया और भूख हडताल शुरू कर दी।

कैदियों तथा बंदियों ने पानी की समस्या के बारे में मुलाकात के दौरान अपने परिजनों को बताया। कुछ बंदियों तथा कैदियों ने फोन पर भी पेयजल की समस्या के बारे परिजनों को बताया। मामला जेल अधिकारियों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरियों तक भी पहुंचा। जिस पर जेल अधिकारी कैदी तथा बंदियों के बीच पहुंचे और बताया कि जिस टयूबवैल से जेल में पानी स्पलाई होता है वह टयूबवैल खराब हो गया। जिस पर कार्य तेजी से जारी है।

---

# नशा तस्करी में बाइक सवार युवक काबू, 930 ग्राम अफीम बरामद

- एंटी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने आरोपी को किया काबू, अब चल रही है गहन पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। अफीम तस्करी के आरोप में जांच टीम के हत्था चढ़ा बाइक सवार।

एंटी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा तस्करी में एक युवक को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 930 ग्राम अफ़ीम बरामद की है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह व अंबाला यूनिअ प्रभारी इंस्पेक्टर सतबीर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान ही उन्हें अफीम तस्करी की सूचना मिली थी।

आरोपी को रंगे हाथों काबू करने के लिए शहजादपुर बस अड्डा के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान ही जांच टीम ने बाइक सवार विक्रम वासी नन्हेड़ा हिरासत में लिया गया। सूचना थी कि विक्रम अफीम की खेप लेकर आ रहा है। तलाशी लेने पर जांच टीम ने आरोपी के कब्जे से अफीम जब्त की। आरोपी नारायणगढ की तरफ से शहजादपुर बस स्टैंड के सामने से जा रहा था। आरोपी ने मोटरसाइकिल के दाहिने हैंडल पर एक कैरी बैग में अफीम छुपाई हुई थी। पहले तो आरोपी ने जांच टीम को देखकर फरार होने का प्रयास किया लेकिन मौक पर ही टीम ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। इंस्पेक्टर सतबीर सिंह ने बताया कि अब आरोपी से गहन पूछताछ चल रही है। जांच के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किस से अफीम खरीद कर लाया था। उसके खिलाफ भी पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

---

# खेतों मे भड़की आग, 11 एकड़ गेहूं तथा दो एकड़ फाने जले

- दो फायर बिग्रेड की गाड़ियों में ग्रामीणों के सहयोग से पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। आग से जली गेहूं।

गांव बागडू कलां में बुधवार दोपहर को अचानक खेतों में आग भड़क उठी। हवा की तेज गति से आग खेतों में फैली तो किसानों ने अपने संसाधनों से उसे आगे बढ़ने से रोक लिया।

आग की सूचना पाकर सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा से दो फायरबिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंच गई ओर ग्रमीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आधा दर्जन से ज्यादा किसानों की 11 एकड़ खड़ी गेहूं फसल तथा दो एकड़ फाने जलकर राख हो चुके थे। गांव बागडू कलां खेतों में बुधवार दोपहर को अचानक आग भड़क उठी। मौके पर मौजूद किसानों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की तो हवा की तेज गति के कारण आग फैलने लगी। जिस पर ग्रामीण ट्रैक्टर तथा हैरो लेकर खेतों में पहुंच गए और आगे से खेतों की जुताई कर आग को आगे बढने से रोक लिया।

सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा तथा सफीदों से फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक राजबीर, नरेंद्र, आजाद की एक-एक एकड़, सोनू की डेढ़ एकड़, काला की आधा एकड़, रोहताश की दो एकड़, जयभगवान की डेढ़ एकड़, इंद्र की तीन एकड़ गेहूं जल गई।

---

### मकान से साढ़े चार किलो चांदी समेत लाखों की चोरी

**जींद।** माल गोदाम रोड पर बीती रात चोरों ने मकान को ताला तोड कर लगभग साढे चार किलो चांदी के जेवरात, सोने के गहने, 60 हजार रुपये की नगदी समेत लाखो रूपये का सामान चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल गोदाम रोड निवासी बिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान पर ताला लगा कर अपनी बेटी के पास चली गई थी। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर उसके कमरे से तीन सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, कानों की बाली, दो कड़े, चार किलो चांदी तथा 50 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। दूसरे कमरे से उसकी पुत्रवधु की अलमारी से दो जोड़ी सोने के टॉप्स, दो अंगूठी, दो चैन, दो नाथ, दो टीके, दो नोज पिन, आधा किलो चांदी तथा दस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला चला जब बिनेश का बेटा घर पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने बिनेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मकान मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

## गणेश विहार में समस्याओं से त्रस्त लोगों ने चित्रा सरवारा के साथ सांझा किया दर्द

# चित्रा बोली, कांग्रेस की मंडी से भाजपा ने छह लोकसभा उम्मीदवार उतारे

- लोग बोले सड़कों पर गहरे गड्ढों से हुई जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कॉलोनी के लोगों की समस्याएं सुनती कांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने बुधवार को गणेश विहार की जनता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यहां जनता की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पर भी हमला किया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से सड़कों, खड्डों और खड़े हुए पानी की समस्याओं से जूझ रहे हैं। घरों के बाहर खड़े पानी में मच्छरों, बीमारियों और साँपों का घर मे घुसना आम हो गया है। खराब रास्ते की वजह से स्थानीय लोग हादसों का शिकार हो चुके है। लोगों ने बताया कि वह अपनी समस्याओं को लेकर विधायक के पास कई बार जा चुके है परंतु सरकार द्वारा यहां के लोगों को सिवाय आश्वासन के कुछ नही दिया गया। पत्रकारों द्वारा पूछ गए प्रश्नों का जवाब देते हुए सरवारा द्वारा पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस की लोकसभा टिकटों की भीड़ को मंडी लगने और आढ़तियों द्वारा उंची बोली लगाकर खरीदने की बात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेसियों के पास असलियत में ही उम्मीदवारों की कमी नहीं है। उनके भाव भी बहुत हैं। रही बात खरीदारी की तो शायद विज ये भूल गए हैं कि 2024 के इसी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भी कांग्रेस की इस मंडी से ही 10 में से 6 प्रत्याशी खरीदकर मैदान में उतारे हैं।

सरवारा ने कहा कि विज परिवार की तरफ से अनेकों संगतिया बयान बाजी और फेसबुक पर पोस्ट आ रही हैं जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही है और उनकी अपनी ही पार्टी के लोग विचलित भी हो रहे हैं। विज खुद भी कई बार बयान बाजी कर चुके हैं कि ₹वह तो रूठे ही नहीं है₹ या फिर ₹उन्हें कोई मनाने ही नहीं आया। विज कभी बोलते है की पद तो मिल रहा था लेकिन उन्होंने अपनी मर्जी थी कि कुछ नहीं लेना था। अगले ही दिन फिर बयान बाजी करते हैं कि वह गृह मंत्री थे लेकिन उन्हें कुछ बताया ही नहीं गया कि मंत्रालयों में बदलाव हो रहा है या हमारा मुख्यमंत्री बदल रहा है। चित्रा ने कहा कि कई बार वे इस तरह की स्टेटमेंट देते हैं कि वह भाजपा के अनन्य भक्त हैं। अगले ही दिन बयान देते हैं और इंटरव्यू में कहते हैं कि वह अम्बाला से बाहर प्रचार के लिए नहीं जाएंगे। चित्रा ने कल एक बहुत ही अजूबा देखने को मिला की जब अनिल विज लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ छावनी में एक शक्ति प्रदर्शन नाम से रोड शो निकाल रहे थे ठीक उसी समय उनके छोटे भाई कपिल विज ने अपनी फेसबुक पर लिखते हुए कहा कि ₹उनका किसी भी राजनैतिक पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। इस पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शायद विज के अंबाला लोकसभा प्रत्याशी के शक्ति प्रदर्शन ने इतनी सुर्खियां नहीं बटोरी होगी जितनी कि उनके भाई कपिल विज की फेसबुक पर डाली गई इस पोस्ट ने बटोरी।